भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2932

दिनांक 10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

हल्दी के लिए निर्यात संवर्धन पहल

2932. श्री वामसि कृष्णा गद्दामः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) तेलंगाना से हल्दी के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना से हल्दी निर्यात की मात्रा और मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हल्दी किसानों और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता, पैकेजिंग और सुरक्षा मानकों को पूरा करने में मदद करने के लिए कोई विशिष्ट योजनाएं या सहायता उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) हल्दी निर्यात को बढ़ावा देने में हाल ही में स्थापित राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की भूमिका क्या है और इससे तेलंगाना और अन्य हल्दी उत्पादक राज्यों के किसानों और उत्पादक समूहों को किस प्रकार लाभ होने की उम्मीद है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ) सरकार राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड और स्पाइसेस बोर्ड के माध्यम से देश से, विशेष रूप से तेलंगाना राज्य से, हल्दी के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय कर रही है। इन उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी; क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन; प्रमुख निर्यात स्थलों तक हल्दी की निर्यात खेपों का परीक्षण और मंजूरी; फसलोपरांत गुणवत्ता में उन्नयन; प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए सहायता; हल्दी के बॉयलर, पॉलिशर, स्लाइसर और धुलाई उपकरणों की स्थापना; हल्दी के हितधारकों के लिए गुणवत्ता सुधार और उद्यमिता विकास संबंधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)' योजना के तहत हल्दी सहित बागवानी फसलों के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी क्रियान्वित करता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य घरेलू और निर्यात बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन, उत्पादकता और उपज की गुणवत्ता में वृद्धि करना है।

वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान भारत से हल्दी का निर्यात 1,42,386 मीट्रिक टन रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 4% अधिक है। पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना से हल्दी के निर्यात की मात्रा और मूल्य का वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

****

अनुलग्नक-I

दिनांक 10.03.2026 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 2932 के भाग (क से घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

तेलंगाना राज्य से हल्दी का निर्यात		
वर्ष	मात्रा (मीट्रिक टन)	मूल्य (मिलियन अमरीकी डॉलर)
2020-21	17349.43	17.74
2021-22	33405.15	36.78
2022-23	28011.86	28.15
2023-24	24162.03	29.27
2024-25	20587.14	35.17

स्रोत: स्पाइसेस बोर्ड

*****